तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 शिक्षा, संस्कार और स्वरोजगार से सशक्त हो रहा कलार ...


12 महर्षि विद्या मंदिर में लगाई गई विज्ञान एवं कॉमर्स प्रदर्शनी


## खबर संक्षेप



### विजय दिवस को लेकर शहीद स्मारक में तैयारी जारी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को भारतीय विजय दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए पूर्व सैनिक संगठन द्वारा तैयारी की जा रही है। 16 दिसंबर के दिन शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया है। इस दिन अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उक्त जानकारी अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने दी है।

### देशी प्लेन शराब बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने एक बाइक सवार के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काले सिल्वर रंग की अपाचे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 7563 में शराब रखकर बिक्री करने हेतु ले जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने ग्राम मुडागांव तिराहा के पास पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ देर बाद उक्त बाइक सवार वहां आया। जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपना नाम प्रेमलाल साहू पिता महेश साहू उम्र (34 वर्ष) कौहाकुडा थाना पिथौरा होना बताया। संदेही के कब्जे में एक काले रंग के बैग में 55 पौवा देशी प्लेरन शराब (शोले) कीमत करीबन 4400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# महीनेभर चली सिटी बस, अब 9 साल से हो रहा है बस इंतजार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

साल 2015 में महासमुंद शहर में सिटी बसें आईं। जनप्रतिनिधियों ने उसमें चढ़कर सेल्फी ली, सैर किया ये बसें एक माह चलीं और फिर बंद हो गई, जो आज तक वापस नहीं चल पाई हैं। नौ साल से महामसुंद के लोग इस बस का इंतजार कर रहे हैं। इन बसों की मांग जारी है। कॉलेज विद्यार्थी इसकी मांग लेकिन को लेकर तमाम जगहों पर जा चुके हैं, उनकी मांगें पूरी नहीं हुई। अनेक बार प्रयास भी शहर में सिटी बसों का संचालन शुरू नहीं है। शहर में आम लोगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से सिटी बस प्रारंभ किया। इसका लाभ लोगों को अधिक मिलने लगा था, लेकिन प्रशासन की अनदेखी और सिटी बस संचालक की लापरवाही के कारण बसों के पहिए थम गए। बता दें कि 20 नवंबर 2015 को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर सिटी बस संचालन का शुभारंभ किया। सभी बैठे, सेल्फी ली, फोटो खिंचवाई और सफर भी किया। हरी झंडी दिखाने के बाद एक महीने में ही बसें गायब हो गईं। इन बसों के शुभारंभ से 6 महीने पहले से खरोरा में सिटी बस टर्मिनल निर्माण का कार्य जोरों पर था, लेकिन यह भी अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। सिटी बस का संचालन बंद होने के बाद जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने इसे मुड़कर भी नहीं देखा। जानकारी अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभा के दौरान एक सिटी बस का संचालन का शुभारंभ हाईस्कूल मैदान से किया था। लेकिन, शुभारंभ के बाद से ही यह बस भी शहर से गायब हो गई। कॉलेज के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शुरू की गई एक बस भी आज तक सडक़ पर दौड़ती नहीं दिखीं। फलस्वरूप आज भी कॉलेज सहित शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि शहर से महज मचेवा कॉलेज तक का ऑटो चालक स्पेशल में 100 रुपए तथा सवारी में 20 से 30 रुपए चार्ज करते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैसे न होने की स्थिति में विद्यार्थी पैदल ही सफर करते हैं।

## कॉलेज विद्यार्थी इसकी मांग को लेकर तमाम जगहों पर जा चुके हैं, फिर भी अनसुनी

### विद्यार्थियों को होती है परेशानी

जिले में आवागमन के लिए सिटी बस की आवश्यकता है, मुख्य रूप से उन विद्याथियों को जो रोजाना स्कूल व कॉलेज की पढ़ाई के लिए गांवों से जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। वहीं वह व्यापारी जो महासमुंद व्यापार के लिए पहुंचते हैं। सिटी बस में अधिकतम 5 से 10 रुपए ही किराया लगता है, जिसके लिए अभी 20 से 30 रुपए देना पड़ता है।



### महंगा सफर करना पड़ा रहा

सिटी बस नहीं चलने का खामियाजा लोगों को महंगा सफर के रुप में भुगतना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के अलावा बागबाहरा, पिथौरा, फिंगेश्वर, राजिम, आरंग तक रुट के लिए सिटी बस चलने से विद्यार्थी, व्यापारी और आम जतना को कम किराया में सफर की सुविधा मिलती। निजी परिवहन सुविधा की तुलना में सिटी बसों का किराया कम रहता है, लेकिन जिले में सिटी बस सुविधा बंद हैं ऐसे में यात्री प्राइवेट बसें, ऑटो और छोटे सवारी वाहनों में महंगा सफर करने मजबूर हैं।

## एसआईआर कार्य : मतदाता पुनरीक्षण कार्य तेजी से जारी, लक्ष्य के काफी करीब जिला

# चार दिन के भीतर फॉर्म जमा नहीं हुए तो विलोपित हो जाएगा मतदाता सूची से नाम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

जिले में भी मतदाता पुनरीक्षण का कार्य तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है। चार दिन के भीतर फॉर्म नहीं जमा करने वाले मतदाताओं के नाम विलोपित हो जायेंगे। ऐसे में मतदाता भी अपनी सभी जानकारियां देते नजर आ रहे हैं। तो वहीं दूसरी और घर घर बीएलओ पहुंच तो रहे हैं, लेकिन वर्ष 2003 की जानकारी सुलभ होने के बावजूद फॉर्म में जानकारी पूरी करने बार-बार घर जाना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है इसके लिए जिले में भी अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में गणना पत्र भरने की तिथि 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। जिसे बाद में बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दिया गया। 90% से अधिक जानकारियां भी एकत्रित हो चुकी है फिर भी मतदाताओं की सुविधा के लिए 18 दिसंबर तक तिथि में बढ़ोतरी कर दी गई है। बीएलओ घर-घर पहुंच कर फार्म संग्रहण का कार्य कर रहे हैं। आधी अधूरी जानकारी देने से बीएलओ की परेशानियों में बढ़ रही है। मतदाता पुनरीक्षण का कार्य सुनिश्चित कराने बड़े पैमाने गणना पत्रक बांटे गए हैं।



### 23 को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक गणना पत्रक जमा करने की तिथि 18 दिसंबर तक कर दी गई है। अब 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 23 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 7 फरवरी तक पूरी तरह से प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके बाद 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### एप के जरिए भी भरा जा सकता है गणना पत्र

छत्तीसगढ़ के सभी मतदाताओं से मतदाता सूची में दर्ज अपने नाम को सत्यापन कराने के लिए मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन तरीके से गणना पत्र भरा जा रहा है। इसकी भी जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही संबंधित मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास भी ऑफलाईन माध्यम से गणना पत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भर कर जमा कराए जा रहे है। इसकी भी व्यवस्था की गई है। मतदाता सूची वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

### फरवरी में होनी है मतदाता सूची प्रकाशित

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में भी चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर अद्यतन,स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण में अपना सहयोग करने की भी अपील की जा रही है। पूर्व में गणना प्रपत्र एन्यूमरेशन फार्म भरने की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की है। जिसे बढ़ा दिया गया है। अब 18 दिसंबर तक मतदाताओं की जानकारी की जानकारियां एकत्रित की जा रही है। बता दें कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन फरवरी में होना है।

### मां-बेटी के साथ मारपीट, चार के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** नगर के वार्ड नं. 16 शीतलापारा की एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में चार लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को पद्मा बाई बघेल ने बताया कि 12 दिसंबर की सुबह 9 बजे घर में अपना कर रही थी, उसी समय जेठ नेहरू बघेल, देवर हेमंत बघेल और पंचराम बघेल ने आकर गाली गलौज कर घर के शौचालय को हटाने को कहा। इसके बाद देवर हेमंत बघेल ने गुस्से में आकर बाल पकड़कर और नेहरू बघेल व पंचराम बघेल ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। प्रार्थिया ने बताया कि उसकी बेटी सोनम बघेल को पंचराम बघेल और शशि बघेल घर जाकर मारपीट किया। उसकी बेटी के सिर में डंडे से मारने से उसे चोट आई, जिसे प्रार्थिया के पति ओमप्रकाश बघेल ने जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पायलटिंग वाहन से मवेशी की हुई मौत

## नेशनल हाईवे स्थित बेलसोंडा के पास हुई दुर्घटना, राहगीरों ने भागकर बचाई जान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

दर्जनों सुरक्षा कर्मी और वाहनों के साथ रोजाना रायपुर से आना-जाना करने वाले बस्तर टाइगर कहे जाने वाले स्व. महेंद्र कर्मा के पुत्र आशीष कर्मा के काफिले के वाहन की चपेट में आकर एक मवेशी की मौत हो गई। इस दौरान सड़क पार कर रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। डिप्टी कलेक्टर कर्मा का काफिला शुक्रवार सुबह 9.30 बजे रायपुर से आने के दौरान पायलटिंग वाहन सीजी 04 पी आर 3303 और वाहन सीजी 03/ 6209 बीपी स्कार्पियों ने मवेशी को टक्कर मार दी।

### खराब स्ट्रीट लाइट की तत्काल मरम्मत कराएं

जपं उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर को पत्र सौंपा है। पत्र में स्ट्रीट लाइट का सुधार, बंद और खराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत चालू कराए जाने सहित नीचे गिरे हुए लाइटों के स्थान पर नई लाइटें लगाए जाने, पेड़ों की डालियों की छंटाई की मांग की है। तेज गति रोकने के लिए तत्काल स्पीड साइनेज, स्पीड ब्रेकर, व चेतावनी बोर्ड लगाने कहा गया।

### रायपुर से आते-जाते हैं डिप्टी कलेक्टर

डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा का मुख्यालय महासमुंद है, लेकिन वे रोजाना रायपुर से महासमुंद आना-जाना करते है। उनके काफिले में रायपुर से तीन वाहन वार्नर, पायलट और फॉलोगार्ड रोजाना घोडारी महानदी पुल तक छोड़ने और ले जाने आती है। इसी तरह घोडारी से महासमुंद पुलिस की तीन वाहन रोजाना उनको साथ लेकर आते हैं।

### आमजन में आक्रोश व्याप्त

शहर के बीच से सायरन के शोर के साथ रोज-रोज आना जाने करने वाले इस अधिकारी को लेकर आम जनता में काफी आक्रोश है। आमजनों की मानें तो महीने भर में लाखों का ईंधन, वाहन खर्च और कर्मियों का वेतन आम नागरिकों के टैक्स का हिस्सा है जिसकी रोज बर्बादी देख लोग सुझा रहे हैं कि इतने वीर अधिकारी को सुरक्षा के साथ में भाजपा शासन राजधानी स्तर पर ही पदस्थ कर लोगों के टैक्स का पैसों को तो सुरक्षित करे।

**वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि आज : महासमुंद।** भारत देश का लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि 15 दिसंबर को मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश के महान सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि हर साल 15 दिसंबर को मनाई जाती है, क्योंकि उनका निधन 15 दिसंबर, 1950 को दिल का दौरा पड़ने से हुआ था। यह दिन भारत के लौह पुरुष और पहले गृह मंत्री को उनकी राष्ट्रीय एकता और देश के एकीकरण में योगदान के लिए याद करने का दिन है।

### सतनाम संदेश यात्रा जगह-जगह स्वागत





**महासमुंद।** गुरु घासीदास जी की 269 वीं जयंती के अवसर पर रविवार को 'मनखे मनखे एक बरोबर' के सूत्रवाक्य के साथ सतनाम संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा टाउन हाल से शुरु होकर शहर के मुख्यमार्गों से होते हुए बेमचा भांठा स्थित सतनाम भवन पहुंची। इस दौरान साहू समाजजनों सहित कांग्रेसजनों ने नेहरू चौक में भव्य स्वागत किया। यात्रा में संयोजक त्रिभुवन महिलांग, सचिन गायकवाड़, महेंद्र कोसरिया, राहुल आवड़े, सुशील गेंड्रे, खोशिल गेंड्रे, बल्ला बघेल सहित समाजजन मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से डायल 112 के चालक की मौत

**सरायपाली।** थाना अंतर्गत ग्राम दर्राभांठा के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटर सायकल में सवार डायल 112 वाहन के चालक को ठोकर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मनीष पटेल पिता सनत कुमार पटेल 24 वर्ष निवासी ग्राम मोहदा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 28 नवंबर को रात्रि लगभग 11 बजे उसके पिता सनत कुमार पटेल अपनी मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीयू 9015 में सिंघोड़ा से डायल 112 वाहन चलाकर अपनी ड्यूटी समाप्त कर अपने घर ग्राम मोहदा आ रहे थे। वे सारंगढ़ रोड पर ग्राम दर्राभांठा के पास पहुंचे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उनके मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। इससे उनके सिर एवं नाक में गंभीर चोट आने से ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध कायम किया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता<br>12वीं से स्नातक |
| सरायपाली | 3 पद | |
| पिथौरा | 2 पद | वेतन<br>15000/- |
| बागबाहरा | 4 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप



### डॉ. महंत को डॉ. रेणु ने दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन पर पूर्व विधायक डॉ. रेणु जोगी ने उन्हें शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. जोगी ने अपने शुभकामना संदेश में डॉ. महंत के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने डॉ. महंत द्वारा जनहित में किए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। इस मौके पर दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच आपसी सौहार्द्र एवं राजनीतिक शिष्टाचार का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। डॉ. महंत ने भी डॉ. जोगी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों के लिए तुंहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तुंहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है।

### महाराजबंध तालाब से निकाले विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेष



**रायपुर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का स्वच्छता अभियान तीसरे दिन भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जारी रहा। संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शनिवार सुबह 7.30 बजे से ही संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में तालाब पहुंचे और श्रमदान करते हुए तालाब में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, जलकुंभी तथा विसर्जन सामग्री बाहर निकाली। कई झांकियों के ढांचे और भारी मात्रा में कचरा तालाब से निकाला गया। अभियान को देखते हुए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर विनोद पांडेय स्थल पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ सफाई कार्य में सहयोग दिया। उनकी पहल पर घाट से जेसीबी मशीन से मलबा निकाला गया। उन्होंने ग्रीन आर्मी की इस पहल की सराहना करते हुए निगम की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी-सदस्य एवं वार्ड के रहवासी सफाई अभियान में शामिल हुए।

### डॉ. निरुपमा को घाना से मिली पीएचडी की मानद उपाधि

**रायपुर।** मनोविज्ञान के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डॉ. निरुपमा परिहार को ग्लोबल समिट दिल्ली में वेबिक विश्व विद्यालय घाना द्वारा मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वे मनोस्वास्थ्य चिकित्सक डॉ. डोगेंद्र परिहार की पत्नी और छग राज्य निर्माण भागीरथी समाजसेवी डॉ. उदयभान सिंह चौहान की सुपुत्री हैं।



# राष्ट्रवादी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का नगर आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**हिंदुओं को संगठित करने की दिशा**

- हिंदुओं को संगठित करने की दिशा कर रहे लगातार प्रयास

में प्रयास रत सर्व हिंदू समाज द्वारा 27 नवंबर को डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के उद्बोधन कार्यक्रम पश्चात इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज प्रखर राष्ट्रवादी प्रवक्ता एवं विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का आज महासमुंद में आगमन होने जा रहा है। कुलश्रेष्ठ प्रखर राष्ट्रवाद तथा हिन्दुत्व प्रवर्तक होने के साथ पूरे देश में उनकी पहचान सच्चे राष्ट्रभक्त, ओजस्वी वक्ता तथा राष्ट्रवादी चिंतक और विचारक के रूप में है। कुलश्रेष्ठ ने भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 तथा 35 ए को हटाने के लिये भी निरंतर संघर्षरत रहे हैं। पूर्व में कुलश्रेष्ठ बीबीसी में सेवारत रहे है तथा वे प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया के महासचिव भी रह चुके हैं।

### आज सिरपुर पहुंचेंगे कुलश्रेष्ठ

पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ आज सोमवार को सिरपुर भ्रमण पश्चात सर्किट हाऊस पहुंचेंगे और रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट और चर्चा करेंगे। 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे भेंट कार्यक्रम में वे पत्रकारों से भी मुलाकात पश्चात विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात करेंगे। 12 बजे गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के छात्रों एवं अन्य महाविद्यालयीन छात्रों को सम्बोधित करेंगे। संध्या 5 बजे शंकराचार्य भवन (बागबाहरा रोड) में उनका उद्बोधन कार्यक्रम होना है। पश्चात 17 जनवरी को सुबह विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात के बाद माना एयरपोर्ट रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।




### जनप्रतिनिधियों की घटती भूमिका चिंतनीय

धर्म के नाम पर सत्ता में आने के बाद राष्ट्रवादी और अन्य कई मामलों में राजनितिक पदाधिकारियों की घटती भूमिका के प्रश्न के जवाब में कहा कि सत्ता प्राप्ति के बाद ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों का असहयोगी हो जाना सही नहीं। हिंदुत्व के मामले में भाजपा के हो या कांग्रेस के सभी सभी दल एकजुट हैं। भरत चंद्राकर ने कहा कि 12 साल में 150 परिवारों की घर वापसी और 23 लव जिहाद के मामलों में से 19 बालिकाओं को वापस अपने परिवार तक पहुंचाने में सफलता पाई है। पत्रकार वार्ता के दौरान बताया गया कि दो सालों के अथक प्रयासों के बाद पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के कार्यक्रम की तिथी मिल पाई है जो जिले सहित सर्व हिंदू समाज के लिए गौरव का विषय है। प्रेस वार्ता के दौरान भरत चंद्राकर, रितेश गोलछा, भरत साहू, प्रमोद चंद्राकर, अग्रज शर्मा, देवेंद्र दुबे, संजय यादव, सुमन सेंद्रे मौजूद रहे।

## पहली सूची के अप्रैल में आने के बाद से ही दूसरी सूची का हो रहा है इंतजार

# भाजपा नेताओं को अब निगम, मंडल में नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा नेताओं को निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में अब नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना है। पहली सूची इस साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और चैत्र नवरात्रि में दूसरी सूची आने की बात सामने आई। अब तो नवरात्रि क्या दीपावली भी निकल गई पर अब तक दूसरी सूची नहीं आई है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन हो गया है और राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा भी हो गई है, लेकिन सूची जारी कब होगी, यह किसी को मालूम नहीं है। अब यह संभावना जताई जा रही है जो होगा नए साल में ही होगा।

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। इधर भाजपा के प्रदेश संगठन का विस्तार भी चल रहा है। ऐसे में कई नेताओं को यहां भी पद मिल रहे हैं। संगठन का विस्तार इस माह के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद ही नए साल में निगम, मंडल, आयोग की कुर्सी बंटेगी।



### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास पर जाने से पहले अगस्त में विस्तार हो चुका है। प्रदेश सरकार ने तीन नए मंत्री बनाए हैं। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। इनकी नियुक्ति भी अब नए साल में ही होने की संभावना है।

### 8 माह बाद सदस्यों की नियुक्ति भी नहीं

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें नियुक्ति के लिए भी आठ माह से इंतजार हो रहा है, लेकिन इसमें भी नियुक्ति नहीं हो सकी है।

# एशियन यूथ पैरा गेम्स में महासमुंद के सुखदेव ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में सुखदेव ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर में जीता स्वर्ण पदक

एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 का आयोजन दुबई में 7 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय टीम विभिन्न खेलों में शामिल रहीं। पैरा एथलेटिक्स खेल में शामिल होने महासमुंद जिले के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव केंवट (छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद कौशल यादव पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी) एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल कुमार यादव शामिल हुए। निखिल यादव पिता दाऊ लाल यादव एवं सुखदेव पिता छत्रपाल केंवट फॉर्चून नेत्रहीन उमावि कर्मापटपर बागबाहराकला बागबाहरा में अभ्यास करते हुए वर्तमान में दोनों खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) बेंगलुरु में पैरा एथलेटिक्स खेल का अभ्यास कर दुबई के लिए चयनित हुए। सुकदेव टी 11 कैटेगरी वर्ग में 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में शामिल हुए तथा टी 12 कैटेगरी वर्ग में 800मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में निखिल यादव शामिल हुए।

खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक राहुल बालाकृष्णन एवं गाइड रनर वेंकटेश शामिल रहे। दुबई में सुखदेव ने 02 स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। जिसमें 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक एवं 400 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया। शुकदेव ने एशियन पैरा एथलेटिक्स गेम्स में 02 स्वर्ण पदक जीतकर देश, प्रदेश व जिले को गौरवान्वित किया है। निखिल यादव ने एशियन पैरा एथलेटिक्स में 800 मीटर एवं 1500 मीटर में चौथा स्थान प्राप्त किया।

# सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था : ठोकने





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो वर्ष के उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल से कांग्रेस परेशान हो गई है।

श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के जड़ से सफाए से लेकर सर्वतोमुखी विकास और लोक कल्याण के कार्यों व योजनाओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के उन संकल्पों की सिद्धि की प्रामाणिकता को स्थापित किया है, जो मोदी की गारंटी के तहत भाजपा ने व्यक्त किए थे। श्री ठोकने ने कहा, कांग्रेस खेमे में पसरा सन्नाटा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि कांग्रेस ने भी यह मान लिया है कि विकास, जनकल्याण और योजनाओं के लिहाज से प्रदेश की भाजपा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक उपलब्धियों का दस्तावेज है और कांग्रेस इस सरकार के कामकाज को लेकर मिथ्या प्रलाप करने की स्थिति में रह ही नहीं गई है। श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में 36 खेमों में बंटी कांग्रेस मुद्दों और नेतृत्व के संकट से गुजर रही है और कांग्रेस रूपी नाव को छत्तीस पतवारों से अपने-अपने हिसाब से सभी नेता चला रहे हैं। हालत इतनी दयनीय हो गए है कि कांग्रेस के नेता एसआईआर को भी गंभीरता से नहीं ले पा रहे हैं। कांग्रेस अब तक अपने बीएलए-1और बीएलए- 2 भी पूरी तरह तैनात नहीं कर पाई है।

# स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी मुफ्त में चेक की जाए

## उपभोक्ताओं की शिकायत पर कांग्रेस ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट का उदाहरण है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है। स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सकें।



चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया है। यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए। किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है।

यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छिपाने के लिए की है। शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार। उन्होंने कहा, 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दी कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे हैं। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है।

**मुख्यमंत्री साय करेंगे उद्घाटन**

# आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 से मेगा हेल्थ कैंप

## दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर देंगे सेवा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 दिसंबर से पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सेवाएं देंगे।

रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्घाटन 18 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। मेगा हेल्थ कैंप में विनय मित्र मंडल के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम जयपुर पैर, हाथ कटे दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ बनाकर दिए जाएंगे, साथ ही श्रवण यंत्र, ट्राइसिकल, वैशाखी भी प्रदान की जाएगी। राजेश मूणत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया किमेगा हेल्थ कैंप में कैंसर, हृदय रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, बांझपन उपचार, आयुर्वेद और अन्य विधाओं से जुड़े डॉक्टरों की टीम निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार और दवाइयों का वितरण करेगी।

कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत केरकर और डॉ. आयुषी गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर जैन और डॉ. रमेश कवाड़ समेत देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रमेश सिंह ठाकुर, छगन मूंदड़ा, शिविर के कोआर्डिनेटरर शैलेश खंडेलवाल उपस्थित रहे।

## बैज बोले– घुसपैठिए के नाम पर काटे जा रहे विपक्षियों के वोटर

# वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली आज दिल्ली में, छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दिल्ली में कल कांग्रेस वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली निकालेगी, जिसमें शामिल होने पीसीसी चीफ दीपक बैज दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, 14 दिसंबर को रामलीला मैदान पर रैली होगी। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया और प्रियंका गांधी समेत देशभर से तमाम बड़े नेता शामिल होंगे।

एसआईआर के विरोध में छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। एसआईआर पर बीजेपी के आरोप पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, घुसपैठिए कहां से आए, कैसे आए, पहले यह बताएं। केंद्र में बीजेपी की सरकार है, फिर घुसपैठिए कैसे आए। जहां-जहां चुनाव वहां घुसपैठिए के नाम पर नौटंकी की जा रही। बिहार में घुसपैठिए खत्म हो गए, अब असम बंगाल में रहेंगे। घुसपैठियों के नाम पर विपक्षियों के वोटर्स के नाम काटे जा रहे। गुलाब कमरो का नाम महेंद्रगढ़ से काटकर रायगढ़ में जोड़ दिए। बिलासपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष का नाम भिलाई में जोड़ रहे। यह सब साजिश है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बयान पर दीपक बैज ने जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस खून पसीने से सींची हुई पार्टी है। कांग्रेस चुनाव में हार या प्रताड़ना से नहीं डरती।



### भाजपा सरकार 2 साल में ही अलोकप्रिय हो गई, प्रदेश के हर वर्ग को किया निराश

साय सरकार ने अपने 2 साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खो दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार के खिलाफ चौतरफा आक्रोश है। मोदी की गारंटी के नाम पर जनता का मत हासिल किया। 2 साल में एक भी मोदी की गारंटी पूरी नहीं की। सरकार से प्रदेश का हर वर्ग नाराज है। किसान और युवा नाराज हैं, सरकारी भर्तियां बंद हैं, जो भर्तियां हुई हैं, उसमें भ्रष्टाचार किया गया। आदिवासियों, किसानों की जमीनें जबरिया उद्योगों और खदानों के लिये अधिग्रहित की जा रही हैं। महिलाएं निराश हैं, महतारी वंदन के नाम पर उनसे धोखा किया गया। बिजली के दाम बढ़ाने, भूमि की गाइडलाइन के रेट बढ़ाने 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री बंद करने से जनता नाराज है। कोई ऐसा वर्ग नहीं जो सरकार के 2 साल के कार्यकाल से खुश हो। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया। 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो, कुटकी, रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

### एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संशोधित कार्यक्रम की जानकारी ली और इसकी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि इस पुनरीक्षण प्रक्रिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। एसआईआर प्रक्रिया में कहीं कोई दिक्कत या परेशानी होने पर तत्काल जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि निराकरण किया जा सके। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के रोल आब्जर्वर एवं भारत सरकार के संयुक्त सचिव बृजमोहन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### नर्रा में ढाई साल से सहायक पशु चिकित्सक नहीं

**नर्रा।** शासकीय पशु औषधालय नर्रा में सहायक चिकित्सक अधिकारी के पद पर वायके सिन्हा पदस्थ थे। उनके रिटायर के बाद यहां ढाई साल से सहायक पशु चिकित्सक अधिकारी का पद खाली पड़ा है। वहीं वर्तमान स्थिति में हेल्फर के भरोसे में औषधालय संचालित है। क्योंकि, एक प्रशिक्षित अधिकारी की कमी से पशुओं के ईलाज टीकाकरण और स्वास्थ्य प्रबंधन में गंभीर समास्याएं आ सकती है।

### पुलिस सख्ती के बाद युवा फार्म हाउस बुक कर हुक्का से धुआं के छल्ले उड़ा रहे

**रायपुर।** राज्य में हुक्का बारों पर पूरी तरह से रोक है। बावजूद इसके युवा निजी फार्म हाउस बुक कराकर खुलेआम हुक्का से धुआं का छल्ला बनाकर उड़ा रहे हैं। इतना ही नहीं, हुक्का पीने वाले युवा इसका बाकायादा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं। ऐसे लोगों के मन में पुलिस के प्रति किसी तरह से कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का पीने तथा पिलाने पर रोक लगाने 20 फरवरी 2023 को कोटपा एक्ट में संसोधन करते हुए हुक्का पिलाने वालों के खिलाफ 10 से 50 हजार रुपए जुर्माना तथा पीने वालों के लिए एक से पांच हजार रुपए जुर्माना का प्रवाधान किया गया है। इसके साथ ही एक से तीन साल सजा का प्रावधान किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत में अनेक मामलों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की 04 खंडपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी



मामलों की सुनवाई करते हुए सरायपाली न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार खंडपीठ क्रमांक 01 वंदना दीपक देवांगन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्री-लिटिगेशन संबंधीत मामलों में विद्युत से संबंधित 11 प्रकरण में 4,79,000 रुपए, ट्रांसफर डिक्री के 05 प्रकरणों में निराकरण किया गया एवं मोटर दावा दुर्घटना के 05 प्रकरणों में 85,20,000 रुपए और सिविल निष्पादन 8,50,000 रुपए का निराकरण किया गया। वहीं खंडपीठ 02 पंकज आलोक तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में आर्बिटेशन के कुल 05 प्रकरणों में 32,74,148 रुपए एवं 01 एमएसीटी में 5,50,000 रुपए का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 03 वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली के न्यायालय में धारा 138 के 01 प्रकरण में 3,00,000 रुपए, दाण्डिक के प्रकरण, सिविल, समरी 345 में 54,000 रुपए तथा खंडपीठ क्रमांक 04 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में धारा 138 के 03 प्रकरणों में 15,69,696, समरी 135 प्रकरणों 23,000 रुपए, प्रिलिगेशन के 06 प्रकरणों में 54,000 रुपए की राशि के साथ निराकरण किया गया।



### सहायक जिला परियोजना अधिकारी ने किया नवकिरण अकादमी एवं जिला ग्रंथालय का निरीक्षण

**महासमुंद।** जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए संचालित नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय महासमुंद का औचक निरीक्षण सहायक जिला परियोजना अधिकारी सह नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी. बसंत साव ने बताया कि 8 टेस्ट सीरीज के क्रम में छठवा टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट-1 (भारत का सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन) का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें इतिहास, भूगोल, संविधान, आर्थिक सर्वेक्षण, अर्थशास्त्र, विज्ञान, दर्शनशास्त्र, कला संस्कृति, करेंट अफेयर्स, पर्यावरण एवं छत्तीसगढ़ के सामान्य अध्ययन आदि के प्रश्न पूछे गए थे। छठवा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में सातवां टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट -2 का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को (सी सेट) का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में नवकिरण अकादमी द्वारा यूपीएससी विषय विशेषज्ञ की व्यवस्था की जा रही है।

# किसानों का हक मारकर संयंत्र को पानी दे रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार सिकासेर परियोजना उद्योगों को समर्पित कर रही है। क्योंकि, गोपालपुर, मुस्की, कांपा सहित आसपास के ग्रामीणों व किसानों के विरोध के बाद भी करणी कृपा पावर प्लांट द्वारा कृषि महाविद्यालय के समीप स्थित गोपालपुर एनीकेट से प्लांट तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं, एनीकेट के समीप ही प्लांट तक पानी पहुंचाने के लिए इंटेकवेल बनाया जा रहा है। जिसमें मशीन लगाकर एनीकेट का पानी संयंत्र तक पहुंचाया जाएगा। इस एनीकेट में साल भर पानी नहीं रहता। इसे भरने के लिए कोडार बांध से पानी छोड़ना पड़ता है। अब यदि संयंत्र को पानी दिया गया तो कोडार से पानी छोड़कर ही दिया जाएगा।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार का किसान विरोधी तथा उद्योग समर्पित चेहरा इस कार्य से सामने आ चुका है। क्योंकि, जिस एनीकेट में इंटेकवेल बनाकर मशीन लगाने की तैयारी संयंत्र द्वारा किया जा रहा है, वहां गर्मी के मौसम में तो पानी ही नहीं रहता। उक्त एनीकेट को वन्य जीवों तथा मवेशियों के पेयजल उपलब्ध कराने के साथ ही आसपास के लोगों के निस्तारी के लिए बनाया गया था। उक्त एनीकेट में पानी भी कोडार डेम से ही भरा जाता है। अब यदि इस एनीकेट से संयंत्र को पानी दिया जाता है तो निश्चित ही कोडार का पानी एनीकेट तक पहुंचाया जाएगा। तभी



करणीकृपा संयंत्र को पानी की आपूर्ति संभव है, अन्यथा संयंत्र द्वारा सूखे एनीकेट के पास इंटेकवेल तथा पाइप लाइन क्यों बिछाया जाता। मतलब साफ है, प्रत्यक्ष रूप से कोडार का पानी ना ले जाकर गोपालपुर एनीकेट के माध्यम से करणीकृपा तक पहुँचाया जाएगा।

चंद्राकर ने कहा कि जल संसाधन विभाग का दायित्व जब मंत्री केदार कश्यप के पास था, तब उन्होंने पत्र प्रेषित कर गोपालपुर एनीकेट से उक्त प्लांट को पानी नहीं दिये जाने की मांग करते हुए तत्काल स्वीकृति निरस्त करने की मांग की थी। लेकिन, कार्पोरेट समर्थित सरकार ने इस पर विचार ना कर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब किसानों के हिस्से का पानी को चोरी-छिपे करणीकृपा पावर प्लांट को बेच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिकासेर जलाशय से महासमुंद के कोडार बांध तक पानी लाने का उद्देश्य किसानों को पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था। लेकिन, इस सरकार ने योजना में काफी परिवर्तन कर अंडर ग्राउंड पाइप लाइन से पानी लाने की योजना बनाई है। ताकि, उक्त पानी किसानों को ना देकर केवल उद्योगों को दिया जा सके।

# बैठक में पाणिग्राही के प्रस्ताव पर बागबाहरा में रेल यात्री सुविधाओं के लिए गए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पूर्व तट रेलवे अंतर्गत संबलपुर

- सीढ़ी एफओबी में रैंप सुविधा के लिए फिजीबिलिटी सर्वे होगा नए महानदी पुल का नामकरण प्रस्ताव अस्वीकार किया गया

डिवीजन के रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की मीटिंग डीआरएम सुभाष चंद्र चौधरी की अध्यक्षता एवं एडीआरएम मनजीत सिंग, सीनियर डीसीएम गरिमा तिवारी एवं रेलवे अधिकारियों, डीआरयूसीसी सदस्यों की सहभागिता में संबलपुर में हुई। डीआरयूसीसी सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने बताया कि दुर्ग-पुरी इंटरसिटी एक्सप्रेस डायवर्ट हो जाने तथा अन्य ट्रेन कनेक्टिविटी न मिलने के कारण मीटिंग में नहीं पहुंच सका तथा मोबाइल व्हाट्सएप एवं ऑनलाइन जुड़ा। मेरे द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में यात्री सुविधाओं के संबंध में निर्णय लिए गए। जिसके अनुसार प्लेटफॉर्म एक एवं दो में शेल्टर शेड बढ़ाने तथा अतिरिक्त कुर्सियां



लगाने परीक्षण, फुट ओवरब्रिज में रैंप के लिए फिजीबिलिटी सर्वे, कोच इंडीकेशन डिस्पले, नवागांव अंडर ब्रिज दोनों तरफ सड़क रिपेयरिंग, अंडर ब्रिज में पानी जमा होते ही पंपिंग कर पानी की निकासी। शेल्टर शेड की लीकेज रिपेयरिंग आदि का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि कोच इंडीकेशन डिस्पले बोर्ड के लिए पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य भोजनाथ देवांगन ने भी प्रस्ताव रखा था। जिसे मैने पुनः अपने एजेंडा आइटम में रखा, जिस पर स्वीकृत होने की जानकारी दी गई।

कार्य में गति लाने के लिए चर्चा स्वीकृत किया गया। डॉ पाणीग्राही ने बताया कि इसके अतिरिक्त मैने महानदी पर बने नए रेलवे पुल का नामकरण आरंग क्षेत्र की जनता की मांग पर रानी पद्मावती के नाम पर करने का प्रताव रखा था, जिसे रेलवे ने इस स्पष्टीकरण के साथ अस्वीकार कर दिया कि रेलवे में इस तरह ऐतिहासिक नामकरण का कोई प्रावधान नहीं है।

कोमाखान में एलएचएस निर्माण की प्रगति की जानकारी दी गई, जिसकी मांग डॉ पाणिग्राही द्वारा पिछले मीटिंग में रखी गई थी।

# कुत्तों के बधियाकरण, टीकाकरण की दिशा में पालिका ने शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आवारा कुत्तों के नियंत्रण एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में कार्यायोजना बनाने का निर्देश दिया है। पालिका अध्यक्ष साहू के निर्देश पर नगर पालिका ने पहल करते हुए आवारा कुत्तों के बधियाकरण व टीकाकरण कार्य के लिए एजेंसियों से आवेदन मंगाए जाने की करवाई कर रही है।

एजेंसियों की ओर सेवा दिए जाने वाले रेट के अनुसार निविदा जारी की जाएगी। शहर में करीब 750 आवारा कुत्तों की पहचान की गई है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया है कि नगर पालिका की ओर से कुत्तों का बधियाकरण करवाने के साथ-साथ एंटी रैबीज वैक्सीन टीकाकरण भी करवाया

- पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने न्यायालय के आदेश का पालन करने दिए निर्देश

जाएगा। जिससे आवारा कुत्तों की संख्या और न बढ़े और यदि ये किसी को काट भी लें तो संबंधित व्यक्ति में संक्रमण ना फैले। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में शहर के सभी 30 वार्डों को कवर करते हुए कुत्तों के लिए भोजन स्थल (फीडिंग प्वाइंट) चिन्हांकित किया जा रहा हैं। नगर पालिका द्वारा जल्द ही इन स्थलों पर बोर्ड लगाए जाएंगे। जहां नागरिक आवारा कुत्तों को भोजन दे सकेंगे। ताकि, शहर में स्वच्छता भी बनी रहे और कुत्तों का समूह अनियंत्रित रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान पर न भटके। साथ ही आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए पालिका क्षेत्र में एक डॉग शेल्टर विकसित करने की कार्ययोजना है। यहां पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और बाद पुनर्वास की प्रक्रिया की जाएगी।

# जिला स्तरीय पतंजलि संगठनों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय पतंजलि के सभी संगठन की बैठक गायत्री मंदिर परिसर बसना में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य योग आयुर्वेद व पतंजलि को महासमुंद जिले के सभी गांव तक पहुंचाना तथा पतंजलि संगठन के सभी पदों का गठन करना था। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल ने बैठक का संचालन किया। बैठक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ी योग समिति के कार्यकारी सदस्य तिलक साव का सम्मान शिव प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

साव ने अपने उद्बोधन में पतंजलि, योग, आयुर्वेद गौ सेवा के कार्यों को जिला स्तर पर बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न बीमारियों में कराए जाने वाले आसन, जड़ी बूटी परिचय, हवन के लाभ, एक्यूप्रेशर, प्राणायाम, गौ सेवा, योग शिविर के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। महामंत्री डॉक्टर संजय गोयल ने पुनः योग प्रचारक व संगठन को मजबूत करने के लिए सभी से समय देने पर जोर दिया।



शिव प्रसाद श्रीवास्तव तहसील प्रभारी बसना ने कहा कि सब का सहयोग लेते हुए हमें बसना के पास के गांव को फिर से योग की सेवा करनी होगी। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पतंजलि के सभी संगठनों के पद का दायित्व सौंपा गया। पतंजलि समिति तहसील प्रभारी रमेश अग्रवाल, भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी शिव प्रसाद श्रीवास्तव, किसान पंचायत तहसील प्रभारी डॉक्टर वृंदावन पटेल, पतंजलि समिति महामंत्री श्यामल भोई, पतंजलि युवा भारत तहसील लक्ष्मण डड़सेना, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले, तहसील कार्यकारी समिति राजेंद्र साहू, श्रवण, विशाल, वृंदावन, छत्रपति, ध्रुव कुमार बारिक, नंदलाल भोई, पंचारन प्रधान, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, दुर्लभ भोई प्रधान शामिल है। बैठक में श्यामलाल ठाकुर, सुरेंद्र पांडे, टीकाराम देवांगन, नरेंद्र पटेल, गणेश राम साहू जिला किसान पंचायत अध्यक्ष, रमेश अग्रवाल, राजेंद्र साहू, डॉक्टर वृंदावन, श्रवण निषाद, नंदलाल भोई, सुभाष चंद्र प्रधान, पंचारन प्रधान, सावन भोई, वृंदावन सतपथी, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, मानिक, लक्ष्मण डड़सेना, मनकुराम रोतिया आदि उपस्थित रहे।

# बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के महान संत, सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की भव्य शोभायात्रा का नेहरू चौक पर कांग्रेस कमेटी महासमुंद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का पुष्प माला एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कांग्रेसियों ने घासीदास बाबा के त्याग, तपस्या एवं सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बाबा घासीदास का सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का संदेश आज



भी समाज को सही दिशा देने वाला है। शोभायात्रा के दौरान वातावरण सतनाम के जयघोष से भक्तिमय हो गया। इस दौरान डॉ रश्मि चंद्राकर पूर्व जिलाध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कृष्णा चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, नारायण नामदेव, भरत ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेसी, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, हर्षित चंद्राकर महामंत्री, तबरेज खान, शत्रुघन साहू, छन्नू साहू, प्रकाश अजमानी, डॉ. एजाज नकवी, मोती साहू, लीलू साहू, सचिन गायकवाड़, जीवन यादव, गोपीचंद तारक, भानू सोनी, तुलसी देवदास वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तुलेंद्र व पाटकर बने प्राचार्य, बेमचा संकुल ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नत किए जाने के बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा से दो व्याख्याता एसएल पाटकर को बेमचा स्कूल एवं तुलेन्द्र सागर को पदुमन सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी में प्राचार्य के पद पर पदस्थ किया गया है। पदोन्नति पर संकुल केंद्र बेमचा के समस्त स्कूल शिक्षक एवं शाउमावि बेमचा द्वारा दोनों पदोन्नत प्राचार्य को गुलदस्ता पुष्पहार व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संकुल अंतर्गत लखनु राम निर्मलकर अध्यक्ष एस एमडीसी, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच, भगत राम साहू, रविकांत चंद्राकर, शहनाज बानो खान, विजयलक्ष्मी शर्मा, टाकेश्वर साहू, कुरैशी,



धनगर, गोस्वामी, साजिद कुरैशी, सीमा चंद्राकर, खेमिन साहू, हायर सेकंडरी शिक्षक स्टाफ से पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, डॉ सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, मिडिल स्कूल से जीएल साहू, खेमिन जलक्षत्री, प्राथमिक स्कूल से सीमा चंद्राकर, यादराम योगी, शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, चेष्टा राय, रुक्मणी साहू, जागेश्वरी गोस्वामी, आकांक्षा पात्रे एवं समस्त संकुल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में 1176 विद्यार्थी हुए शामिल

**सरायपाली।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से हुई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा प्रातः निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई। विकासखंड में 6 परीक्षा केंद्र प्रतिभा हायर सेकेंडरी स्कूल बालसी, मा.स.गो. हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उमावि, आईईएमबीएच स्कूल कुटेला, एसटी विंसेंट पलोटी हायर सेकेंडरी स्कूल कुटेला केंद्रों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थियों की पहचान, प्रवेश पत्र जांच तथा अन्य औपचारिकताओं का कार्य सुचारू रूप से कराया गया। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों, केंद्राध्यक्षों, शिक्षकों एवं सहायक कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया गया। अभिभावकों ने भी प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। विकासखंड में कुल 1384 विद्यार्थियों ने पंजीयन किया, जिसमें 1176 उपस्थित एवं 208 अनुपस्थित रहे। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित यह परीक्षा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केंद्र आईईएमबीएच स्कूल कुटेला में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण नायब तहसीलदार हरिप्रसाद भोय, बीआरसीसी देवानंद नायक, पटवारी दूधनाथ साहू द्वारा किया गया। प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपादित हो रही थी। परीक्षा में कुल 232 उपस्थित 189 अनुपस्थित 43 थे। इस अवसर में शांतिपूर्ण सुव्यस्थित संचालन के लिए नियुक्त समन्वयगण भोलानाथ नायक, किशोर कुमार पटेल एवं कैलाशचंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। परीक्षा केंद्र 25080505 एसटी विसेंट पलोटी हायर सेकेंडरी स्कूल कुटेला, जिसमें कुल परीक्षार्थी 192 उपस्थित 157, अनुपस्थित 35 थे। परीक्षा केंद्र 25080504 सरस्वती शिशु मंदिर उमावि 240 में 191 अनुपस्थित 49 थे। उड़न टीम में हरिप्रसाद भोय नायब तहसीलदार, देवानंद नायक बीआरसीसी, दूधनाथ साहू पटवारी ने निरीक्षण किया। प्रतिभा हायर सेकेंडरी स्कूल बालसी में 240 में 288, शासकीय कन्या उमावि में कुल 240 में 205, मा.स.गो. हायर सेकेंडरी स्कूल में 240 में 206, अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान एवं गजेंद्र नायक पटवारी उड़न दस्ता टीम ने किया।

# स्वयंसेवकों ने सफाई, स्वच्छता अभियान तथा दीवार लेखन से किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में 08 दिसंबर से 14 दिसंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम लाफिनकला में किया गया। प्राचार्य ने बताया कि शिविर की दैनिक दिनचर्या अंतर्गत प्रतिदिन प्रभात फेरी, स्वच्छता जागरुकता, योगाभ्यास तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा बौद्धिक परिचर्चाएं आयोजित की जाती हैं। परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों द्वारा गांव की सफाई, स्वच्छता अभियान तथा दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

द्वितीय दिवस पुलिस विभाग की उपजिलाधिकारी सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में महिला सेल प्रभारी तरुणा मडेनकर, गीता यादव एवं मोटिवेशनल स्पीकर मनोज डडसेना द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। तृतीय दिवस उपस्वास्थ्य केंद्र लाफिनखुर्द की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकलिन आदि परीक्षण किए गए एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर चंद्राकर उपस्थित रहे। उन्होंने एनएसएस गतिविधियों की ग्रामीण विकास एवं छात्र व्यक्तित्व निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। छात्रों ने स्वच्छता आधारित नाटक एवं छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति दी। पंचम दिवस पशुपालन विभाग के डॉ. देवेश गिरी गोस्वामी एवं डॉ. गोविंदा



देवांगन द्वारा एनिमल बाइट्स, उसके रोकथाम एवं बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सभा को संबोधित किया। षष्ठम दिवस छठे दिवस स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ डी एस रघुवंशी कार्यक्रम समन्वयक सीएसवीटी यू भिलाई उपस्थित रहे। छात्रों ने विभिन्न प्रदेशों के लोकनृत्य, नाटक एवं लोकगीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मां सुन ले पुकार थीम पर आधारित मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसके माध्यम से नशा, बाल विवाह,पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक भेदभाव, साइबर धोखाधड़ी जैसी सामाजिक कुरीतियों से जागरूक रहने का सशक्त संदेश दिया गया। दर्शकों ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर ने पूरे सप्ताह के सफल संचालन में सहयोग देने पर सभी अतिथियों, ग्राम पंचायत, विभागीय अधिकारियों तथा ग्रामीणजनों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में शासकीय पॉलिटेक्निक के अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत कराल, उमाशंकर यादव, हेमंत कुमार महोबिया, हेमंत वर्मा, वैभव वर्मा, नीलकमल साहू, आनंद साहू, डॉ. वीनू चंद्राकर, शारदा चरण गुप्ता सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर में ग्राम पंचायत लाफिनकला के सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भूपेंद्र कुमार साहू, पंच मोहित साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष नेतन पटेल, पूर्व उपसरपंच कमलेश कुमार साहू, गोवर्धन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष हेमूराम साहू, हरिराम साहू पंचगण एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# संत शनिदास को दिया गया सामाजिक अलंकरण गुरु घासीदास सम्मान

## सतनामी समाज द्वारा विशाल सतनाम संदेश यात्रा एवं सम्मान समारोह में प्रदेशाध्यक्ष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास जयंती

- पांच अलग अलग पंथी टोलियों ने दी अपनी प्रस्तुति, शौर्य प्रदर्शन भी किया






पर्व के पूर्व बेला में शनिवार को जिला मुख्यालय में भव्य, विशाल सतनाम संदेश यात्रा सात ध्वज वाहक, प्रदेशाध्यक्ष एलएल कोशले व अन्य प्रदेश पदाधिकारी, जिला ब्लॉक अठगंवा पदाधिकारियों की अगुवाई में निकाली गई। जिसमें गुरु घासीदास बाबा के 7 सिद्धांत व 42 वाणीयों, विचारों को तख्तियां, पोस्टर बैनर के माध्यम से प्रचारित किया। पांच अलग-अलग पंथी टोलियां की नृत्य व मुंगेली, बाहनाकाड़ी अखाड़ा दल के युवा द्वारा धुमाल के संगीत में शौर्य प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। सतनाम संदेश यात्रा के अगुवाई कर सात ध्वज वाहकों का स्वागत जगह जगह राजनीतिक व सामाजिक संगठन के लोगों ने किया।

### शंकराचार्य भवन में सम्मान समारोह का आयोजन

सतनाम संदेश यात्रा के समापन शंकराचार्य भवन में हुई। जहां प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में 10वीं व 12वीं में 70 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले 54 छात्र-छात्राओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार नशा उन्मूलन व महिलाओं में आर्थिक सामाजिक रूप से जागरुक करने वाले 46 महिला समूहों के सदस्यों का सम्मान किया।

### जिला स्तरीय सामाजिक अलंकरण से सात क्षेत्रों में दिया गया

गुरु घासीदास सम्मान के लिए संत शनिदास साल्हेझरिया बसना को दिया गया, जो अपनी जमीन जायदाद समाज के नाम कर सतनाम धर्म व संस्कृति का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इसी तरह गुरु अमरदास अध्यात्म सम्मान से दिनेश मिर्चे, मिनी माता महिला सशक्तिकरण सम्मान सत्यम जन चेतना महिला समिति महासमुंद, दादा नकुल देव ढ़ीढ़ी सतनाम अनमोल रत्न सम्मान पुनीत राम भारतद्वाज पाली (खल्लारी), डॉ बीआर अंबेडकर ज्ञान रत्न सम्मान प्रमिला मांडले को छत्तीसगढ़ लोक सेवा में राज्य कर निरीक्षक के पद में चयनित होने पर दिया गया। इसी प्रकार बलिदानी गुरु राजा बालकदास शौर्य सम्मान से सतनाम धर्म सेनानी मोहन बंजारे, शैलेंद्र बंजारे, किशोर नवरंगे, दिनेश बंजारे, सुशील घृतलहरे, गोपी बांधे, विजय बंजारे, हीरा जोगी, सोमनाथ टोंडेकर, नेतराम जांगड़े, भरत गेंड्रे, संजय सारंग, रमेश बंजारे रायपुर को बलौदा बाजार को दिया गया।

### सतनाम संस्कृति हमारे समाज को गौरवान्वित करतीं हैं: कोशले

सतनाम संदेश यात्रा एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष ने जिला सामाजिक अलंकरण दिए जाने की प्रशंसा करते हुए सतनाम संस्कृति को समाज के लिए गौरवान्वित करने वाले बताया। सतनामी समाज अब सभी क्षेत्रों में प्रगति के राह पर चल रही है। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने आभार प्रदर्शन करते हुए सतनाम संदेश यात्रा में शामिल समाजजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला सोनवानी, रेशमलाल घृतलहरे, महासचिव मोहन बंजारे, कोषाध्यक्ष श्यामजी टांडे, सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता राजमहंत पीएल कोसरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य में निशा ओगरे, रजनी डांडे, गुलाब टंडन, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अंजलि बरमाल, विजय टंडन, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रतिनिधि एडवोकेट दीना रात्रे, जिला संरक्षक लिंकन जान, महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुमारी भास्कर, खोशिल गेंड्रे सभी ब्लॉक के पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### देवकी ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**भंवरपुर।** ग्राम पंचायत उडेला में मुख्य सड़क से रंगमंच मुख्य चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया द्वारा भूमिपूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि रिंकू प्रीतम सिदार पूर्व जनपद सदस्य, संतराम निषाद अध्यक्ष सहकारी समिति, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, ब्रिजेंद्र सिदार सेवानिवृत प्राचार्य थे। देवकी ने कहा कि दूरस्थ अंचल के ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। सीसी रोड बनने से स्थानीय ग्रामवासियों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के परस्पर सहयोग से ही ग्रामों का चहुमुखी विकास होगा। कार्यक्रम में सरपंच किशोर कुमार चौहान, उपसरपंच अनुसुईया सिदार, पंच दशोदा चौहान, मोतीनबाई एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### एकता और सनातनी संस्कृति पर हिंदू सम्मेलन 25 को

**सरायपाली।** नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है, जिसमें हिंदुत्व की एकता और सनातनी संस्कृति पर केंद्रित संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरुकता और सनातन मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए नगर स्तर पर संयोजक मंडल का गठन किया गया है। जिसमें संयोजक प्रखर अग्रवाल, सह संयोजक स्वर्णसिंह सलूजा, अनिता चौधरी, कार्यक्रम प्रमुख निखिल कानूनगो, सह प्रमुख (कार्यक्रम) प्रकाश हमदेव, महावीर भोई, व्यवस्थापन प्रमुख भरत अग्रवाल, सह प्रमुख (व्यवस्थापन) प्रदीप प्रधान, गुड्डू जायसवाल, आर्थिक टोली में विपिन उपोवेजा, संजय शर्मा, गुंजन अग्रवाल, विदित धनानिया, चंद्रकुमार पटेल, प्रचार-प्रसार विकास महापात्र मयंक पाठिग्राही, दुर्वादल दीप शामिल है। कार्यक्रम में धार्मिक वक्ता द्वारा संबोधन किया जाएगा। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में सपरिवार सहभागी बनें और सनातन संस्कृति के गौरव को साझा करें। कार्यक्रम का आयोजन अग्रकुंज सराईपाली में किया जाएगा।

## आयोजन : विधायक ने परसदा में सामाजिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

# शिक्षा, संस्कार और स्वरोजगार से सशक्त हो रहा कलार समाज : विधायक द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा/पिथौरा (ग्रामीण)

- संख्याबल नहीं, योग्यता से मिलती है सत्ता में भागीदारी : डॉ नीरज
- प्रशासनिक पद पर चयनित छात्र-छात्राओं को 51 हजार देय होगा

कलार समाज अपनी काबिलियत, संगठन शक्ति और दूरदर्शिता के दम पर निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है। शिक्षा और संस्कार को आधार बनाते हुए समाज ने स्वरोजगार और सामाजिक सहभागिता की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। इन प्रयासों का परिणाम है कि आज कलार समाज आर्थिक रूप से समृद्ध होने के साथ ही अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनकर उभर रहा है। यह बात खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने छत्तीसगढ़ कलार समाज पिथौरा ब्लॉक के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

कौड़िया परिक्षेत्र के परसदा (बुंदेली) में आयोजित सम्मेलन में विधायक यादव ने सामाजिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कलार समाज ने क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। शिक्षा के बल पर समाज के अनेक लोग आज प्रशासनिक पदों पर रहकर जनसेवा कर रहे हैं, जो पूरे समाज के लिए गौरव की बात है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कलार समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज गजेंद्र ने कहा कि कोई भी समाज केवल संख्याबल के आधार पर सत्ता या प्रभाव हासिल नहीं कर सकता। इसके लिए आवश्यक है कि व्यक्ति स्वयं को योग्य बनाए। शिक्षा और संस्कार के साथ अब समाज को अपने बच्चों में सर्वसमाज के हितों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि जो समाज या व्यक्ति केवल अपने स्वार्थ तक सीमित रहता है, वह लंबे समय तक प्रभावी नहीं रह पाता। कलार समाज का गौरवशाली इतिहास इस बात का प्रमाण है कि उसने बिना भेदभाव के साढ़े पांच सौ वर्षों से अधिक समय तक सत्ता और नेतृत्व में अपनी भूमिका निभाई है।

समाज के जिला संरक्षक ईश्वर सिन्हा ने कहा कि समाज की मजबूती की नींव परिवार से शुरू होती है। जब तक व्यक्ति स्वयं सक्षम नहीं होगा, तब तक समाज को सशक्त बनाने का संकल्प अधूरा रहेगा। वहीं साहू समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर साहू ने कलार समाज की संगठन क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे दिग्गज और प्रतिभाशाली लोग हैं, जिनका मार्गदर्शन क्षेत्र और राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण रहा है। कौडिया परिक्षेत्र के मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा ने सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए घोषणा की कि समाज का कोई भी सदस्य यदि प्रशासनिक पद पर नियुक्त होता है तो उसे व्यक्तिगत रूप से 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वार्षिक आय एवं व्यय राशि की जानकारी सचिव पोला राम डड़सेना ने दी। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा, मंडलेश्वर प्रेमशंकर सिन्हा, दानेश्वर सिन्हा, राधेलाल डड़सेना, मन्नू सिन्हा सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

वार्षिक सम्मेलन को सफल एवं सुव्यवस्थित रूप देने में समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्राम परसदा के सामाजिकजनों का उल्लेखनीय योगदान रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं से लेकर अतिथियों के स्वागत, मंच संचालन और कार्यक्रम संचालन तक हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने वालों में कोषाध्यक्ष महेन्द्र डड़सेना, उपाध्यक्ष मानव डड़सेना, आत्माराम पंकज डड़सेना, नंदकुमार डड़सेना, क्षेत्राधिकारी श्यामलाल डड़सेना, हृदेश डड़सेना, पुष्पराज गजेंद्र, रामचरण डड़सेना शामिल रहे। इसके अलावा युवा मंच अध्यक्ष ओम सिन्हा, नगर अध्यक्ष राजू सिन्हा, राजनीतिक प्रकोष्ठ के संयोजक शैलेंद्र डड़सेना, प्रचार मंत्री लखन डड़सेना, युवा मंच सचिव ईश्वर पप्पू सिन्हा, योगेंद्र डड़सेना, चेतन डड़सेना, आत्माराम गजेंद्र, रविराम डड़सेना, पन्नू डड़सेना सहित महिला सहभागिता के रूप में भुनेश्वरी डड़सेना, देवकी डड़सेना, नीता डड़सेना, पूजा सिन्हा, संतोषी डड़सेना, माधुरी डड़सेना एवं सुभद्रा सिन्हा का योगदान सराहनीय रहा।



### वरिष्ठ कृषकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में समाज की कृषि परंपरा और अन्नदाता के सम्मान को रेखांकित करते हुए वरिष्ठ कृषकों का अभिनंदन किया गया। परसदा, बुंदेली, नवागांव कला, छुइहा, पिथौरा, फिरगी, बाल्दीड़ीह, सरकड़ा, रिकोकला, गोपालपुर, अमलीडीह, भीतिडीह, लाखागढ़ एवं छतवन सहित विभिन्न ग्रामों से आए अनुभवी कृषक रविराम सिन्हा, सादराम सिन्हा, मंशाराम सिन्हा, विश्वनाथ सिन्हा, लखन डड़सेना, रामकुमार डड़सेना, मेघनाथ डड़सेना, मालिक डड़सेना, चुनु डड़सेना, पुराइन डड़सेना, सरोज डड़सेना, बलराम सिन्हा, मोरध्वज सिन्हा, चन्द्रभान सिन्हा, पीला राम डड़सेना, पीताम्बर डड़सेना, आनंदराम डड़सेना, घासी राम डड़सेना, परसराम सिन्हा, देवनाथ सिन्हा, साबुलाल सिन्हा, रोहित सिन्हा, रतन डड़सेना, नंदकुमार डड़सेना, गोपाल डड़सेना, मनोहर डड़सेना सहित अनेक कृषकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा, जनपद सदस्य हेमलता साहू, सरपंच दिनेश्वरी ठाकुर सहित समाज के अनेक पदाधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन अधिवक्ता लोकनाथ डड़सेना तथा आभार प्रदर्शन भुनेश्वरी सिन्हा ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों और ग्राम परसदा के सामाजिक जनों का विशेष योगदान रहा।

### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

सम्मेलन के दौरान समाज की उभरती प्रतिभाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महज 13 वर्ष की आयु में जूडो-कराटे में नेशनल कप जीतकर जिले और समाज का नाम रोशन करने वाले सृजल डड़सेना को विशेष सराहना मिली। इसके साथ ही शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अमन सिन्हा, कोमल सिन्हा, जयंत सिन्हा, रुचि महेंद्र एवं दिव्या सिन्हा को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ये प्रतिभाएं समाज के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं और इनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।

### जोगीडीपा में शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस व वीर मेला आज

**पटेवा।** आदिवासी समाज जोगीडीपा पटेवा क्षेत्र की एकता एवं संगठन विकास संघ के आह्वान पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिसंबर को जोगीडीपा में शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस एवं वीर मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी होंगी। विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिपं सदस्य देवकी प्रकाश पटेल, जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जनपद सदस्य रूपकुमारी, अश्वनी ह्यूमन दीवान, सृष्टि मोहित ध्रुव, कौशल्या आज्ञाराम ठाकुर, जगन्नाथ खैरवार सरपंच, सियाबाई, रत्नेश नदी सरपंच, दूज भाई सरपंच, आशा भाई ठाकुर सरपंच, नूतन नायक, व्यापारी संघ अध्यक्ष सुनील पटेल, विशेष अतिथि त्रिलोकी राधेश्याम, चंद्रशेखर देवांगन, जितेंद्र साहू, डेजी रानी नेताम, मनिहार ध्रुव आदि होंगे। अध्यक्षता विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में कलश यात्रा, राउत नाचा, शहीद वीर नारायण सिंह की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से सर्व समाज प्रमुख अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी संगीत जमुरिया भिलाईडबरी भाटापारा बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष संतराम दीवान, उपाध्याय घांसू राम दीवान, पवन ध्रुव, सचिव संतोष रमन ठाकुर, अश्वनी ध्रुव, मनिहार ध्रुव, संतोष, भीखम ध्रुव, शिव मंडावी, ललित ध्रुव, टेकराम ध्रुव, सेवाराम दीवान, गोपाल ध्रुव, मायाराम, दुष्यंत मोहन ध्रुव लगे हुए हैं।

### नशामुक्ति कार्यक्रम में छात्रों एवं युवाओं को किया जागरूक

**सरायपाली।** नशामुक्ति कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक-युवती शामिल हुए। यह आयोजन प्रखंड संयोजिका नमिता साहू द्वारा किया गया। नमिता साहू ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीओपी ललिता मेहर रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला संयोजिका अनिता चौधरी एवं दुर्गा वाहिनी की जिला सह संयोजिका ललिता सिदार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नशामुक्त समाज निर्माण में महिलाओं एवं युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रगति कॉलेज की निदेशक टिलेश्वरी पटेल, कौशल विकास प्रशिक्षक सुजाता साहू, आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य हिमांशु साहू तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर शिक्षा, कौशल और संस्कारों के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण का संदेश दिया।



### खट्टा में सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खट्टा में अघरिया समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महासमुंद जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, उपसरपंच गिरीश नायक, अघरिया समाज के पदुम पटेल, हेमचंद नायक, गोपाल नायक, दिलीप नायक, राजकिशोर पटेल, गोकुल नायक, रामभजन नायक, आलेख नायक एवं ग्रामीण संचालन समिति के सदस्य रामस्वरूप दीवान, हुमेश देवांगन, महेंद्र पटेल, परदेसी राम एवं सुखदेव पटेल, पंडित गैंद तिवारी द्वारा पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।



### राटापाली में निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**नर्रा।** ग्राम पंचायत राटापाली में सामुदायिक भवन एवं नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, जनपद सदस्य लोचन पटेल, पीलेश्वर पटेल, स्थानीय सरपंच पूर्णिमा सोनवानी उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने धरती माता की पूजा अर्चन व नारियल तोड़कर एवं गैती चलाकर भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने मिडिल स्कूल भवन बनाने की मांग रखी, जिस पर चौधरी ने ग्रामीणों को स्कूल भवन के लिए राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जगदीश पटेल, गोपाल किशन पटेल, नवीन पटेल, परमेश्वर सोनवानी, परमेश्वर पटेल, राधे पटेल, एकता पटेल, दीपिका पटेल, मानबाई, केवरा बाई आदि मौजूद रहे।

## फूड फेस्ट आनंद मेला का भी हुआ आयोजन, जिला शिक्षा अधिकारी हुए शामिल

# महर्षि विद्या मंदिर में लगाई गई विज्ञान एवं कॉमर्स प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद






महर्षि विद्या मंदिर मचेवा शनिवार को विज्ञान एवं कॉमर्स प्रदर्शनी एवं फूड फेस्ट आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें नवाचार, रचनात्मकता और सामुदायिक सहयोग की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में संदीप शर्मा ने कमान संभाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नंद किशोर सिन्हा सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी एवं माता कर्मा महाविद्यालय से कॉमर्स के विभागाध्यक्ष मनोज शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण के बाद विधिवत गुरु पूजन से प्रारंभ किया गया। गुरु पूजन को विधिवत करवाने का कार्य विद्यालय के सिद्धि शिक्षक सुभाष पांडेय द्वारा किया गया। पश्चात अतिथि देवो भवः की सुंदर परंपरा को निभाते हुए समस्त अतिथिगण को फल एवं शॉल से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात स्वागत उद्बोधन में शाला के प्राचार्य ने बताया विद्यालय के छात्रों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अंत में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया तथा वैज्ञानिक शिक्षा को वास्तविक जीवन के प्रयोग और रचनात्मकता से जोड़ने के महत्त्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी बच्चों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की एवं गुरु की महिमा के बारे बताते हुए सभी वद्यार्थी से अपने गुरुओं का सम्मान करने की बात कही। तत्पश्चात समस्त अतिथिगण एवं प्राचार्य द्वारा विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी भी किया गया। विज्ञान एवं कॉमर्स प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों द्वारा मॉडल प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा वर्किंग माडल बनाए गए थे। वहीं आनंद मेला में पारंपरिक पकवान बनाकर स्टाल लगाया गया था, जिसे समस्त अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने छात्रों के प्रदर्शन को भूरि-भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के व्याख्याता नंदकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन कॉमर्स के व्याख्याता गोविंद सिंह ठाकुर ने किया।

